हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

14 समस्या बताने पदयात्रा पर निकले कमार जनजाति ...



14 जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली...





## शैक्षणिक एवं सार्वजनिक स्थानों के पास नशीली वस्तुओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में नशीली पदार्थों की रोकथाम और नशामुक्त समाज निर्माण के उद्देश्य से कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, समाज कल्याण उपसंचालक डी.पी. ठाकुर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अशोक पांडेय, एनआईसी उपनिदेशक नेहरू निराला, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, पीडब्ल्यूडी ईई रामेश्वर सिंह, और सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय राजपूत सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर उइके ने नशीली दवाओं, अवैध शराब, गांजा और जर्दायुक्त गुटखा जैसे मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सभी विभागों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमा पार नशीली दवाओं के आवागमन, मेडिकल दुकानों में अवैध बिक्री और खुलेआम नशे के सेवन पर रोक लगाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में नशे की रोकथाम एक प्राथमिक जिम्मेदारी है। हर विभाग सक्रिय रहकर निरंतर कार्यवाही करें। बैठक में बताया गया कि स्पर्श क्लिनिक के माध्यम से नशे की लत से पीड़ित मरीजों को काउंसलिंग और उपचार की सुविधा दी जा रही है। साथ ही, आमजन को नशामुक्ति के लिए टोल फ्री नंबर 14446 और अवैध मादक पदार्थ की रिपोर्टिंग हेतु एंटी नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### नशामुक्ति जागरूकता के लिए हेल्पलाइन, मुनादी और दीवार लेखन के निर्देश

**नियमित निगरानी की जा रही**

जिले में असामाजिक तत्वों या नशा सेवन से जुड़ी गतिविधियों की सूचना पुलिस वाट्सएप हेल्पलाइन 94792-25884 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागों को इन नंबरों का दीवार लेखन, मुनादी, और ग्राम प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलों, कॉलेजों, पार्क, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास नशीली वस्तुओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत, शिक्षा, आबकारी, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग मिलकर व्यापक ▶▶ शेष पेज 12 पर



**18 से नशा मुक्त अभियान चलाया जाएगा**

बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए घुमंतु मवेशियों की व्यवस्था की गई है और दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण कर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, न्यायालयीन मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम भी स्थापित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग ने जानकारी दी कि जिले में 18 नवम्बर को वृहद नशा मुक्त अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जनजागरूकता रैली, प्रदर्शनी और उपचार शिविर आयोजित किए जाएंगे।

---

## खबर संक्षेप

### धान कटाई के दौरान खेतों में निकला 10 फीट का अजगर



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के निकट, ग्राम महुकोट में उस समय हड़कंप मच गया जब किसान और मजदूर खेतों में धान की फसल की कटाई कर रहे थे। कटाई के दौरान अचानक 10 फीट विशाल अजगर धान के फसलों के बीच निकल आया। विशाल अजगर को देखकर धान कटाई कर रहे किसान और मजदूरों की सांसें थम गईं और सभी तुरंत भाग खड़े हुए। इस घटना से खेत में कुछ देर के लिए काम रुक गया। थोड़ी देर बाद अजगर सांप को सफल रेस्क्यू कर खेत से सुरक्षित बाहर निकाला गया। अजगर के हटने के बाद ही किसान और मजदूरों ने राहत की सांस ली और धान की कटाई का कार्य दोबारा प्रारंभ किया।

### सरकारी एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 04 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी फुलझर घाटी में सरकारी एंबुलेंस बीते रात 15 फीट खाई में गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सरकारी एंबुलेंस गरियाबंद से वापस देर रात लौट रहा था कि अनियंत्रित होकर फुलझर खाई में गिर गई इस वाहन में दो लोग सवार थे दोनों लोगों को मामुली चोटे आई हैं।

### प्राकृतिक आपदा के चार प्रकरण में 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के चार प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेष्वर तहसील के ग्राम जोगीडीपा निवासी 31 वर्षीय टिकेष्वर नेताम का 15 जुलाई 2025 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन फलिता नेताम को 04 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फिंगेश्वर निवासी 79 वर्षीय बरसन सतनामी का 22 नवम्बर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन रमौतिन सतनामी को 4 लाख रूपये तथा ग्राम जोगीडीपा निवासी 30 वर्षीय मीना बाई ध्रुव की 13 मई 2025 को तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम परिजन पुनित ध्रुव को 4 लाख रूपये एवं चैतरा निवासी 16 वर्षीय टिकेष्वरी साहू की 31 अगस्त 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन गजानंद साहू को 4 लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

---

### विडंबना : बारिश के दिनों में बाढ़ आने से लोगों की आवाजाही हो जाता है बंद

# पुलिया व पक्की सड़क के अभाव में आज भी संघर्षरत है मातरबाहरा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

विकासखंड मुख्यालय छुरा से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी में बसा ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम मातरबाहरा के पारा सरगीपार के ग्रामवासियों आज भी पक्की सड़क और पुलिया के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं, फिर भी संघर्ष अधूरा है। ऐसा कहा जाता है कि अगर भारत को जानना और समझना है तो पहले गांव जानिए क्योंकि भारत गांवों का देश है और भारत गांवों में बसता है। हां वही गांव जहां पसीने में तरबतर होकर अपनी मेहनत से अन्न उपजाने वाले धरती के भगवान किसान रहते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा मुलभुत समस्या बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के निदान के लिए कई लोक कल्याणकारी योजना लागू की जाती है, ताकि गांव और शहर की तस्वीर बदलाव आए पर अफसोस है कि शहर का तस्वीर तो बदल रहा है पर गांव का तस्वीर सही मायने में वैसा नहीं है जैसा रहना चाहिए। गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले गांव मातरबाहरा ( सरगीपारा ) आज भी आजादी के इतने साल बाद भी सड़क, पुलिया के मोहताज है। यहां के लोगों को बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का समान करना पड़ता है। ज्ञात हो कि मातरबाहरा और सरगी पार के बीच केन्द्रा नाला पड़ता है जो बारिश के दिनों में बाढ़ आने से लोगों का आवाजाही बंद हो जाता है। यहां तक सरगीपारा में प्राथमिक शाला है और मातरबाहरा में माध्यमिक स्कूल है जो कि सरगीपार के बच्चे मिडिल स्कूल नाला पार करके दो किलोमीटर मातरबाहरा आते हैं। बारिश के समय नाला में ज्यादा पानी होने से बच्चे स्कूल आने वंचित होना पड़ता है।



**नाला पार कर अस्पताल ले जाना मजबुरी**

मालूम हो कि यहां के किसान खाद बीज लेने के लिए कच्ची सड़क से 5 किलोमीटर कनसिघी जाते हैं। ग्रामीण। सरपंच चंद्रिका नेताम, सदस्य, हितेश्वर ठाकुर, भंवर सिंह नागेश, निजा राम, प्रेमसिंह, जगनसिंह नेताम, मेहतर राम ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, दुर्जन सिंह नागेश, ओंकार नागेश आदि ने बताया कि बरसात के दिनों में नाला में पानी के तेज बहाव होने से लोगों को घर में ही रहना पड़ता है। अति आवश्यक दैनिक खाद्यान्न सामग्रियां के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जहां प्रसव पीड़ा से व्याकुल माताओं को बड़ी मुश्किलों से नाला पार कराते हुए अस्पताल ले जाना मजबुरी है। इस नाला में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को घंटों खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है। इस नाला को पार करते हुए ग्रामीणों द्वारा जन-धन की हानि होते हुए भी देखी गई हैं। इस नाला में पुलिया निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जनदर्शन, सांसद, विधायक, कलेक्टर, संबंधित विभाग के अधिकारी को कई बार आवेदन दिया गया है, इसके बावजूद शासन प्रशासन इसे बनाने में जहमद नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों की आस महज़ के स्वपन के सामान हो गया है। इस संबंध में समस्त ग्रामवासियों द्वारा ज्ञापन देने का मन बना लिए है।

---

### जर्जर आंगनबाड़ी भवन, मैनपुर के अड़गड़ी में प्राथमिक शाला के एक कमरे में हो रहा संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 14 किमी दूर ग्राम पंचायत अड़गड़ी के आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो गया है स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण ग्रामीणों के द्वारा इस आंगनबाड़ी का संचालन अब प्राथमिक शाला के एक अतिरिक्त कमरे में किया जा रहा है जहां एक कमरे के भीतर छोटे -छोटे नवनिहाल बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे हैं। कई बार महिला बाल विकास के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि जहां स्कूल का संचालन किया जा रहा है वहां पहले से ही भवन और जगह की कमी है बावजूद इसके बच्चों के साथ कोई अनहोनी घटना न हो इसलिए स्कूल के अतिरिक्त कमरे में आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। जहां भोजन बनाने और बच्चों के देखभाल करने में भारी परेशानी आ रही है।

---

## ठंड की शुरुआत के साथ भालुओं की आमद भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

हर वर्ष ठंड के दिनो में जंगली वन्यप्राणी खासकर भालू मैनपुर नगर के आसपास आसानी से दिखाई देता है और तो और पिछले वर्ष लगातार मैनपुर नगर के भीतर भालू घुमते सीसी टीवी कैमरा में कैद हुआ था और भालू ठंड के दिनो में गांव में पहुंचकर कई बार अपने शावक को जन्म दिया है। गुरूवार शाम 6 बजे मैनपुर जिड़ार मार्ग में मुड़ापारा नदी के पास एक भालू विचरण करते दिखाई दिया तो इसकी खबर लगते ही भालू को देखने ग्रामीणों की भीड़ लग गई भालू मैनपुर मुड़ापारा नदी पुल के रास्ते झुरमुट में जा घुसा मैनपुर नगर के लोगों ने बताया की ठंड के दिनों में हर वर्ष शाम होते ही मैनपुर हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़ और तो और वन विभाग परिषर के भीतर भालू का आना समान्य बात है लेकिन ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता नजर आ रही है।



---

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने गरियाबंद जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विधायक रोहित साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा, आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतुराज शाह, वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा, सुरेन्द्र सोनटेके, अजय रोहरा, और प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 1 से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनजातीय नायकों, संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देना और सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। लाटिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर को राज्योत्सव के अवसर पर नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह संग्रहालय न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के गौरव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय और देशभर के प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों ने भी इस संग्रहालय का भ्रमण किया, जो इसके महत्व को दर्शाता है। पखवाड़े के समापन अवसर पर 15 नवंबर को जिले में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे।



---

## नगर भोज समापन के साथ ही विष्णु महायज्ञ की तैयारी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पिछले 11 दिनो से चल रहे नगर भोज का कार्यक्रम समापन हो गया। इस भोज कार्यक्रम में शहर के हर घर, हर समाज, हर धर्म, जाति, हर शासकीय, अर्धशासकीय कर्मचारी, अधिकारी, पुलिस विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत सहित कोई 50 हजार लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। खास बात यह रहा कि समापन दिवस गुरूवार को देवार समाज के लोगों को आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। इस सम्मान से अभिभूत होकर देवार समाज के लोगों ने कहा कि जीवन में हमें ▶▶ शेष पेज 12 पर



---

### अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन का सराहनीय कार्य, जंगलों को पानी और रक्षकों को सुरक्षा

# हाथी ट्रेकर्स एवं श्रमिकों को 1500 जोड़ी जूते और बूट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन मुंबई के द्वारा वनों का पुनरुद्धार एवं संतुलन बनाये रखने के लिए अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन ईबीएफ डॉ. सरिता सुब्रमण्यम और डॉ. पीवी सुब्रमण्यम द्वारा वन्यजीव संरक्षण एवं वन कल्याण के लिए भारत के विभिन्न स्थानो मे जमीनी स्तर की ताकतों को सुदृढ़ करने के लिए जंगलों में रहने वाले जानवरों और लोगों को हो रही चुनौतियों में से एक जल संकट का समाधान करके भारत के कुछ सबसे संवेदनशील वन परिदृश्यों को बदलने का कार्य किये है।

जल किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र की जीवन रेखा है, फिर भी भारत के जंगलों में सूखा, सिकुड़ते जलस्रोत और बढ़ता मानव-वन्यजीव संघर्ष आम बात रही है। अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन मुंबई ने एक सरल लेकिन क्रांतिकारी समाधान के साथ कदम बढ़ाया है और टिकाऊ जल प्रणालियां स्थापित करना जो साल भर विश्वसनीय जल आपूर्ति प्रदान करती हैं। नवीनतम तीन स्थापनाएं सौर-आधारित, नवीकरणीय प्रौद्योगिकी पर उनके ध्यान को दर्शाती हैं।



**कार्यकर्ताओं को मिलती है महत्वपूर्ण सहायता**

1. घोरामल सौर पंप प्रणाली – एक स्वच्छ ऊर्जा जल समाधान जो दूरस्थ, बिजली से वंचित वन क्षेत्रें में भी वन्यजीवों के लिए विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करता है।
2. गताबारा सौर पंप सौर सुधारात्मक प्रणाली – एक दोहरी स्थापना जो न केवल नई पंपिंग क्षमता जोड़ती है बल्कि एक पुरानी प्रणाली को पुनर्जीवित भी करती है, दक्षता को दोगुना करती है और महत्वपूर्ण जल पहुँच को बहाल करती है।
3. तालाकोट सौर पंप सौर सुधार प्रणाली – एक प्रणाली जो जंगल के एक बड़े हिस्से में वन्यजीवों की सहायता के लिए डिजाइन की गई है, जो आधुनिक, पर्यावरण–अनुकूल तकनीक के माध्यम से बारहमासी जल प्रवाह सुनिश्चित करती है। आज फाउंडेशन ने भारत के 29 विभिन्न जंगलों में 193 से ज्यादा जल पंप स्थापित किए हैं। इन प्रणालियों में सौर पंप, बोरवेल पंप और पुरानी या खराब प्रणालियों को पुनर्जीवित करने के लिए डिजाइन किए गए सुधारात्मक उपकरण शामिल हैं। इनका प्रभाव तत्काल और दूरगामी रहा है वन्यजीवों को पानी तक सुरक्षित पहुँच मिलती है, वन रक्षकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण सहायता मिलती है, और जंगलों में रहने वाले स्थानीय समुदायों को संघर्ष में कमी और बेहतर जल सुरक्षा का लाभ मिलता है। अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन मुंबई ▶▶ शेष पेज 12 पर

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

खबर संक्षेप

## चखना सेंटर में मारपीट

**महासमुंद।** चखना सेंटर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नरेंद्र डोगरे ग्राम प्रेतनडीह ने बताया कि 11 नवंबर को वह रात करीब 8 बजे अपने साथी दिलीप कुजुर, तरूण सोनवानी, विद्या पांडेय, कमलेश चौहान के साथ शराब भट्टी सरायपाली से शराब खरीद कर पीने के लिए चखना सेंटर गया थे। पारस बेहरा के चखना दुकान में कमलेश चौहान से माचिस मंगाये थे। जब कमलेश चखना दुकान माचिस लेने गया, तब माचिस मांगने की बात पर पारस बेहरा, नम्रता गुप्ता, टीनू, अमन चारों मिल कर कमलेश चौहान के साथ मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर प्रार्थी के साथ दिलीप कुजुर, तरूण सोनवानी बीच बचाव करने गए, लेकिन आरोपियों ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गाड़ी सीज करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** कोतवाली थाना में एक फाइनेंस कंपनी के एरिया हेड मैनेजर ने एक व्यक्ति के खिलाफ गाड़ी सीज करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टाटा कैपिटल फाइनेंस कंपनी के एरिया हेड मैनेजर वी. मनोज कुमार ने देबाशीष साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि देबाशीष साहू फाइनेंस कंपनी के पुजारी चैंबर स्थित कार्यालय में आकर उस पर ट्रक सीज कर जबरन खींचकर लाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

# हर पात्र नागरिक का नाम सूची में सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक दायित्वः संपत

## बसना विधायक संपत अग्रवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान कार्यशाला को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत

- विधायक ने लोकतंत्र सशक्तिकरण की दिशा में कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित, पीएम मोदी की नीतियों की सराहना

करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 (एसआईआर) के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन की प्रक्रिया को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान केवल एक प्रशासनिक



औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक जनभागीदारी आधारित प्रयास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

### कार्यकर्ताओं का संकल्प

कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक के मार्गदर्शन में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बूथ स्तर पर जाकर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। यह पहल आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम के रूप में देखी जा रही है। इस बैठक में बसना विधानसभा संयोजक डॉ एन के अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, नगर पंचायत सीईओ सूरज सिदार, पार्षदगण, भाजपा मंडल अध्यक्षगण सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# छात्र वसुधैव कुटुंबकम की भावना से समाज व राष्ट्र की सेवा कर अपना जीवन सफल बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नया रायपुर कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे विद्यालय के डिप्लोमा,स्नातक,स्नाकोत्तर व पीएचडी के विद्यार्थियो का उपाधियां प्रदान की गई।

- राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति में हुआ कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने की।

विशिष्ट अतिथि छग शासन उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा,छग निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग अध्यक्ष प्रो विजय कुमार गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने सभा को संबोधित करते कहा कि कलिंगा विश्वविद्यालय स्थापना के कुछ वर्षो के उपरांत ही मध्य भारत के अग्रणी विश्वविद्यालय मे अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है उन्होने विश्वविद्यालयो मे प्रदान की जानी वाली




अनुसंधानपरक,उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ ही विश्वस्तरीय अधोसरंचना के लिए विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियो को इनकी उपलब्धियो के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का बहुप्रतीक्षित गौरवशाली अवसर पर जिसका प्रत्येक विद्यार्थियो को इंतजार रहता है,विद्यार्थियो को संबोधित करते कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आज उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना की धारणा को स्वीकर करके अपने ज्ञान का प्रसार समाज,राष्ट्र व मानव जात के कल्याण के लिए करेगे उन्होने शिक्षिको को भी संबोधित करते कहा कि बदलती परिस्थितियो को नवाचार व कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है विवि के विद्यार्थी अनुसंधानपरक ज्ञान का प्रसार करे और उनके नवीनतक ज्ञान से हम सभी लाभान्वित हो।

### युवा शक्ति बड़ी होती है : टंकराम वर्मा

छग शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई व शुभकामनाएं देते कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति युवा शक्ति होती है,राष्ट्र के विकास मे शिक्षित युवाओ की सबसे बड़ी भागीदारी होती है शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नही बल्कि डिग्री के साथ ही हमारे नैतिक बल व चित को सुदृढ़ करना है,आप सभी राज्य व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभा कर सभी को गौरवान्वित कर सके,नवाचार व उद्यमिता के माध्यम से हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे है और आप सभी इस भारत की यात्रा मे अनुवाई करेगे,उन्होने युवाओ से कहा कि केवल नौकरी चाहने वाले नही,नौकरी देने वाला स्वभाव बनाये,नये विचारो को जन्म दीजिए,उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र की आर्थिक शक्ति को बढ़ाये एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस,डेटा साइंस,साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्र मे आपका ज्ञान हमारे देश के लि ए बड़ी पूंजी है इसका सदुपयोग हो ,भारतीय ज्ञान परपंरा व आधुनिक वैज्ञानिक सोच के साथ वैश्विक चुनौतियो का सामना करेने मे मदद मिलेगी ,शिक्षा तभी सार्थक होती है जब हम कौशल विकास व नवाचार के साथ दायित्व निवर्हन करे।

### कुलपति डॉ आरश्रीधर ने दीक्षांत संदेश प्रस्तुत किया

इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरश्रीधर द्वारा दीक्षांत संदेश प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलिंगा विवि के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार,कुलाधिपति डॉ संदीप अरोरा,उपकुलाधिपति डॉ सज्जन सिंह,ट्रस्टी डॉ शर्मिला,डॉ सीमा अरोरा,कुलपति डॉ आर श्रीधर,महानिदेशक डॉ बायजू जॉन,कुलसचिव डॉ संदीप गांधी,अकादमिक विभाग के अधिष्ठाता राहुल मिश्रा,छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभा चन्द्राकर उपस्थित रहे।

# गोंड समाज के युवक-युवती का परिचय सम्मेलन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा लहरौद में समाज के शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम इष्ट देव भागवान बूढ़ादेव की पूजा आरती की गई। इसके बाद समाज के सभी पदाधिकारियों का अक्षत तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। बैठक को सुचारू रूप चलाने के लिए सभापति के रूप में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर को नियुक्त किया गया। पश्चात समाज पदाधिकारियों ने सभापति के आदेश लेकर कहा गया कि समाज के शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया गया। जिसमें अगामी 5 दिसंबर 2025 को सर्कल महादेवा धाम कसेकेरा राज सुवरमाल में रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राज एवं सर्कल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में अपने अपने राज एवं सर्कल के विवाह योग्य युवक युवती का बायोडाटा जमा करने सर्कल सचिव एवं अध्यक्ष के पास 200 रुपए शुल्क के साथ जमा करना होगा। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर, महासचिव लाभो ठाकुर, संचालक रनसाय ठाकुर, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद ठाकुर, अंकेक्षक श्यामलाल ठाकुर, सचिव थान सिंह ठाकुर, राज अध्यक्ष खल्लारी यसवंत ठाकुर, राज अध्यक्ष कौडिया भूषण सिंग ठाकुर, राज अध्यक्ष सिरपुर भागीरथी ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष भुरकोनी थनवार ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष पोटापारा तनूजा ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष खुडमुडी जनक नेताम, सर्कल अध्यक्ष खल्लारी नारायण ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष चमारराय, महिला पुष्पा नेताम, गीता मरकाम, लता ठाकुर, संगीता ठाकुर, बीणा ठाकुर, युवा प्रकोष्ठ टिकेश ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, भानू ठाकुर, सोना खान, कटगी, कसडोल, राज के प्रतिनिधि के अलावा समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बेमचा, परसवानी एवं बिरकोनी में विधायक ने लगाई जनचौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा गुरुवार को ग्राम बेमचा, परसवानी एवं बिरकोनी पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा ग्राम सरपंचों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्देशित भी किया। इससे पहले भी बुधवार को विधायक ग्राम खरोरा, बेलसोंडा एवं साराडीह के ग्रामीणजनों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

# प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षकीय दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें शिक्षकगण : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मार्गदर्शन डीएमसी रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक शिक्षा नंदकिशोर सिन्हा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकगण प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षकीय दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि जिले का परीक्षा परिणाम सुधार कर महासमुंद को पूरे छत्तीसगढ़ में शीर्ष पांचवें स्थान दिलाया जाए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने परीक्षा परिणाम सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कक्षा प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा कक्षा निरीक्षण नियमित रूप से हो। पाठ्यक्रम का




शत प्रतिशत पालन किया जाए। पाक्षिक परीक्षाओं का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। ब्लूप्रिंट के अनुसार अध्यापन किया जाए तथा विद्यार्थियों को उसकी जानकारी दी जाए। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम का विश्लेषण कर विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत कर विशेष तैयारी कराई जाए। प्रत्येक परीक्षा उपरांत पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की जाए।

डीएमसी रेखराज शर्मा ने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर त्रैमासिक परीक्षा में 20 प्रतिशत, अर्द्धवार्षिक परीक्षा में 20 तथा वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत अधिभार निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के अपार आईडी शत-प्रतिशत जनरेट करने तथा जाति प्रमाण पत्र के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एवं विकासखंड महासमुंद के समस्त प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से महासमुंद जिले के घरों में रोशनी और बचत की नई किरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आज आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य हर घर को ऊर्जा से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि लोग अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न कर सकें और बिजली बिल के बोझ से मुक्त हो सकें।

जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ 12 हजार उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक जिले में योजना का लाभ लेने के लिए 5125 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किया गया हैं एवं तेजी से नए फॉर्म भरे जा रहे हैं। अभी तक 4400 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का सेलेक्शन कर लिया गया है। 1131 उपभोक्ताओं के घरों में सूर्य घर बिजली योजना से जिंदगी रोशन हो रहे है। पुराना रावणभाठा महासमुंद निवासी नाथूराम साहू ने 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम अपने घर की छत पर लगाया है। उन्होंने बताया पहले उनका बिजली बिल काफी अधिक आता था, लेकिन अब बिल शून्य या कभी-कभी माइनस में आता है। इसी तरह पुलिस विभाग में कार्यरत पीटियाझर निवासी महेश पाल ने अपने मित्रों से चर्चा के बाद इस योजना के लिए आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम लगाने के बाद पिछले पांच महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य है। त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी अजय





कुमार श्रीवास ने कलेक्ट्रेट भवन में लगे सोलर पैनल देखकर प्रेरणा ली और अपने घर पर 5 किलोवाट सोलर सिस्टम लगवाया। रमन टोला निवासी ठेकेदार एवं सप्लायर परमानंद साहू ने तीन माह पूर्व अपने घर की छत पर 3 किलोवाट सोलर सिस्टम स्थापित कराया। वे बताते हैं अब हमें 24×7 निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती है। बिजली बिल शून्य नहीं बल्कि माइनस में जा रहा है और हमें क्रेडिट यूनिट का लाभ मिल रहा है। हमारे मोहल्ले के 10-12 घर भी अब सौर ऊर्जा से रोशन हैं। इसी तरह अन्य उपभोक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बताया है।

## पेज 11 के शेष

### नियमित निगरानी...

जनजागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही, नगरीय निकाय के सफाई वाहनों पर नशामुक्ति संदेश प्रसारित करने को भी कहा गया। कलेक्टर उइके ने सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान या तंबाकू उत्पादों के सेवन पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर नियमित निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में सीसीटीवी कैमरे और पुलिस बल की सहायता से निरंतर चेकिंग जारी है।

### नगर भोज समापन...

पहली बार किसी मंदिर ट्रस्ट ने आमंत्रण कार्ड देकर बुलाया तथा मंच पर हमारा सम्मान किया। जिसकी हमें बहुत खुशी है। बता दें कि श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट की जमीन राजिम से लगे ग्राम बेलटुकरी में है। सेठ रेखराज चतुर्भुज वहां के मालगुजार थे। अतएव 16 नवम्बर को पूरे गांव के लोगों को बेलटुकरी में भोजन प्रसादी कराया जाएगा। अब शुक्रवार से मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी 24 नवम्बर से प्रारम्भ होने जा रहे विशाल विष्णु महायज्ञ की तैयारी में जुट जाएंगे। 28 नवम्बर को विशाल ऐतिहासिक कलश के साथ शोभा यात्रा सुबह 10 बजे निकाली जावेगी। मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल, गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने सभी भगवत प्रेमियों से विष्णु महायज्ञ, कलश शोभा यात्रा एवं 28, 29, 30 नवम्बर को आयोजित होने वाले इस धार्मिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने आग्रह किया है।

### कार्यकर्ताओं को ...

का कार्य निरंतर जारी है, और वनों की आवश्यकताओं के अनुसार नई प्रणालियाँ जोड़ी जा रही हैं। हाल ही में, आठ नई प्रणालियाँ सफलतापूर्वक स्थापित की गई, जिससे जमीनी संरक्षण सहायता के शक्तिशाली नेटवर्क में वृद्धि हुई है। अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन मुंबई ने भारत के विभिन्न जंगलों में 1,500 से ज्यादा जोड़ी जूते और बूट प्रदाय किए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि रोजाना लंबी दूरी तय करने वाले लोग सुरक्षित और सुसज्जित रहें। उनके योगदानों में से एक है उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद छ.ग. के कुल्हाड़ीघाट 21, तौरेंगा 11, सीतानदी 11, रिसगांव 12, अरसीकन्हार 16, उत्तर उदंती 10, दक्षिण उदंती 12, इंदागांव 10, सभी वन परिक्षेत्र के 103 हाथी ट्रेकर्स, हॉर्नबिल ट्रेकर्स, फील्ड ट्रेकर्स श्रमिको को अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन मुंबई की तरफ से हंटर सूज प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा के हाथो से हाथी ट्रेकर्स, हॉर्नबिल ट्रेकर्स, फील्ड ट्रेकर्स श्रमिकों को वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक उदंती (मैनपुर), सहायक संचालक सीतानदी एवं सभी प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा, थाना प्रभारी इंदागांव, थाना प्रभारी पायलीखण्ड (जुगाड़) एवं समस्त परिक्षेत्र अधिकारी उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बृजराज स्कूल में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज प्राथमिक पाठशाला में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस मौके कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के लभराखुर्द के दिलीप सिंह दीवान (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी), योगिता (सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी) एवं पुष्पांजलि ध्रुव ((प्रयोगशाला सहायक) द्वारा बच्चों को मिट्टी परीक्षण की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि पहले रासायनिक खाद का प्रयोग कम होता था एवं गोबर खाद का प्रयोग अधिक होता था, पर अब रासायनिक खाद का प्रयोग ज्यादा होने लगा है। हमें मिट्टी परीक्षण कराने के बाद ही खाद का एक निश्चित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए। बच्चों को मिट्टी परीक्षण करने के लिए किस प्रकार से मिट्टी का संग्रहण करना है, इसके बारे में भी बताया गया। साथ ही बृजराज परिसर से परीक्षण के लिए मिट्टी ली गई और बच्चों को भी थैला वितरित करते हुए उन्हें अपने खेत से मिट्टी परीक्षण के लिए लाने के लिए दिया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोमती साहू, समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू,विमलेश्वरी दुबे, स्वाति, रेखराम ध्रुव, पूजा नेताम एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### केवी में रूट टू रूट कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति को विद्यार्थियों से परिचित कराने के उद्देश्य से रूट टू रूट कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जा रहा है। संजय कंसल प्राचार्य केवि के मार्गदर्शन एवं प्रभात देवांगन के संयोजन में रूट टू रूट कार्यक्रम के अंतर्गत भरतनाट्यम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आसिफ हुसैन जिन्होंने संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से परफॉर्मिंग आर्ट में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त शास्त्रीय संगीत को देश के कोने कोने में पहुंचाने का बीड़ा उठाया है, ने संगीत के बारीकियों को विद्यालय के बच्चों के साथ सांझा करते हुए भरत नाट्यम की बेहतरीन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।


# राजिम त्रिवेणी संगम पर गहराया संकट महानदी में उभरते टीलों ने बढ़ाई चिंता

**महानदी में एक नही कई बार बाढ़ की उफनती धार देखने को मिली बावजूद ये टीलेनुमे बंजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अलग खबर

राजिम में महानदी का स्वरूप दिन ब दिन बदलते चला जा रहा है। इस बदलते स्वरूप को देखकर शहरवासियो का चिंतित होना लाजिमी है। पुल के नीचे का आधा भाग किसी टीले या बंजर जैसे नजर आ रहे है। लगता है आने वाले समय में महानदी की अस्मिता धूमिल हो जाएगी। इस साल बारिश अच्छी हुई महानदी में एक नही कई बार बाढ़ की उफनती धार देखने को मिली बावजूद ये टीलेनुमे बंजर जैसा दिखने वाला भाग ज्यो का त्यों रह गया। अब महानदी की सफाई के लिए बहुत ही गंभीरता से स्थानीय जनप्रतिनिधियो और जिले के प्रशासनिक अफसरो को ध्यान देना ही होगा। राजिम में तीन नदी मिली है इसलिए इसे त्रिवेणी संगम कहा जाता है। तीनो नदी की हालत खराब है। हालांकि यहां से एक साथ मिलकर आगे बढ़ने पर इसे महानदी का दर्जा हासिल है। आगे का हाल बहुत ही अच्छा है परंतु राजिम में कम से कम 2 किमी के दायरे को ढंग से साफ कराने की जरूरत है।



### 2 किलोमीटर के दायरे को साफ कराने की जरूरत

राजिम के त्रिवेणी संगम को इलाहाबाद के गंगा के माफिक ख्याति मिला हुआ है। प्रदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यहां आने वाले लोग अब यह देखकर हैरान हो जाते हैं कि नदी में रेत और पानी की धार के साथ-साथ ऐसे टीले भी हैं। बारिशकाल की बाढ़ भी इस टीले को बहा कर ले जाने में अक्षम है।पिछले 15 वर्षो से नदी के इस हालत को देखकर राजिम और नवापारा शहर में बहुत तेजी के साथ यह बात उठने लगी हैकि आखिर इस पवित्र नदी की अस्मिता को कैसे संरक्षित रखा जा सकेगा। पं. जवाहर लाल नेहरू पुल से लेकर पैरी की ओर परसवानी पुल व महानदी की ओर बेलाही घाट पुल तक कहीं से भी नहीं लगता कि यह वहीं तीन नदियों का संगम स्थल है। जहां रेत और पानी की धार बहती थी। दोनों शहर के लोगों की मंशा अब यही है कि नदी में धार हो।

**निरीक्षण : प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की टीम ने मैनपुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर किया निरीक्षण**

# एलबीएसएनएए प्रशिक्षु अधिकारियों ने बोईरगांव में परखीं सरकारी योजनाएं और ग्रामीण जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी के प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों की टीम अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम के हिस्सा के रूप में निरीक्षण करने गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर के ग्राम पंचायत बोईरगांव पहुंचे इस टीम में 06 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल थे जो ग्राम पंचायत बोईरगांव के जीपीडीपी ग्राम के स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, पीडीएस दुकान, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन आवास, बेहराडीह कमार आश्रम, बोर खनन, पेयजल सप्लाई एवं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बहुत नजदीक से देखा और ग्रामीण जीवन और सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन को समझा। इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, एडिशनल सीईओ डीएस नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, मनरेंगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, तहसीलदार रमेश मेहता, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा एवं स्थानीय अधिकारियो की भी उनके साथ रहे साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, सरपंच नीरा सांडे व ग्रामीणजनों ने गांव के व्यवस्था और योजनाओं के बारे में उन्हे बताया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के अधिकारियो की टीम ने प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को मिलने वाली जमीनी हकीकत से रूबरू हुए ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था जनजीवन और विकास योजनाओ के क्रियान्वयन को करीब से समझा साथ ही शासन की ओर से मिल रहे सरकारी योजनाएं स्कूल, प्रधानमंत्री आवास, उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया ग्रामीणों के साथ बैठकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुना सरकारी योजनाओ के लाभ व जनजागरूकता पर चर्चा किया गांव की सफाई व बिजली व्यवस्था विकास कार्यो के जमीनी हकीकत खंगाली तथा स्कूली बच्चो को बेहतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया साथ ही गांव में साफ सफाई अभियान में श्रमदान किया अधिकारियो की टीम ने गांव में रहकर वहां के स्थानीय भोजन और संस्कृति आत्मसात किया।






### ग्रामीणों ने भेट देकर दी विदाई

मैनपुर तहसील मुख्यालय से 06 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव में पिछले चार दिनों से प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम और ग्रामीणों के बीच लगातार स्थानीय समस्याओ को लेकर चर्चा और मेल मुलाकात से ग्रामीण काफी प्रभावित हुए आज उनके प्रशिक्षण के अंतिम दिन पूरे ग्रामवासियो द्वारा स्कूल परिशर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस के सदस्यों को फूलमाला गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया गया। ग्रामीण रहन सहन के मुताबिक उनका सम्मान करते हुए विदाई दी गई। इस मौके पर सरपंच नीरा सांडे, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, लुदरसिंह नेताम, उपसरपंच भरत नागेश, सहदेव सांडे, सचिव दसरूराम जगत, भुनेश्वर मरकाम, रामचंद पटेल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोमा ध्रुव, शिक्षक रामजी तिवारी, गौकरण बघेल एवं बिहान समूह के दीदी बहने ग्रामीणजन छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# घर-घर हुई मां लक्ष्मी की विशेष पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कार्तिक माह के बाद आने वाले अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में प्रत्येक गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विशेष धार्मिक विधान है। मैनपुर क्षेत्र में इस परंपरा का निर्वहन पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। अगहन गुरुवार के अवसर पर घर-घर माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दिन विशेष रूप से महिलाओं ने सुबह से ही अपने घरों और आंगन की साफ-सफाई करने के बाद, पूरे विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीप जलाए गए और भक्तिभाव से माता का आह्वान किया गया। अगहन गुरुवार की पूजा को छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसमें धन और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी की आराधना की जाती है।

# परिक्षेत्र साहू समाज जामगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दोहन साहू का स्वागत और सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

परिक्षेत्र साहू समाज जामगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भाई दोहन साहू का आज राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें शाल, श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। सम्मान समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि "जामगांव का साहू समाज सामाजिक एकता और संगठन की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। आने वाले दिनों में परिक्षेत्र साहू समाज जामगांव एक सशक्त संगठन के रूप में उभरेगा और समाज सेवा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।"राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि व्यक्ति को कभी हार नहीं मानना चाहिए निराश नहीं होना चाहिए इस परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने दोहन साहू ने तीसरी बार प्रयास करने के बाद परिणाम सुखद रहा और अध्यक्ष बना है। सामाजिक संगठन की मजबूती से न केवल साहू समाज बल्कि सर्व समाज के विकास एवं उत्थान की दिशा में सार्थक योगदान संभव है। स्वागत सम्मान कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महामंत्री लोकनाथ साहू, गोपाल साहू, सुरेश साहू, ओमप्रकाश साहू, किसान नेता रामाधार साहू, खोमन साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा तथा निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोतीराम निषाद, राजू परमार, नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दोहन साहू को शुभकामनाएं दीं और समाज की एकता, प्रगति एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नवापारा के छात्र दुष्यंत साहू मास्टर आफ फार्मेसी उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कलिंगा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका व उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद थे। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों 150 शोधार्थियों को पीएचडी 1500 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर एवं 2500 विद्यार्थियों को स्नातक एवं पदक दी गई। कार्यक्रम में निजी वि श्व वि द्या ल य विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. वी.के.गोयल,कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राजीव कुमार, कुलाधिपति संदीप अरोरा, कुलपति आर. श्रीधर, उपकुलाधिपति सज्जन सिंह सहित प्राध्यापक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों के चेहरे पर अपने परिश्रम और सफलता की खुशी झलक रही थी। समारोह में शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।इसी क्रम में मास्टर ऑफ फामेर्सी (फामार्कोलॉजी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्र दुष्यंत साहू पिता डॉ.लीलाराम साहू को उपाधि प्रदान की गई। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है,बल्कि उनके परिवार और शिक्षकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन का भी प्रतीक है। इस अवसर पर नवापारा-राजिम पत्रकार संघ,डॉक्टरों सहित अनेक सामाजिक एवं राज नैतिक संगठनों ने बधाई शुभकामनाएं दिए है।



# राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम 16 अक्टूबर दिन रविवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया। जिसकी तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र, अध्यक्षता आदर्श वर्मा छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक, विशेष अतिथि क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, चंदुलाल साहू निगम अध्यक्ष, ओंकार शाह पूर्व विधायक, गोवर्धन शरण व्यास, गौरी शंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद, लालिमा ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा सहित सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के समस्त सरपंचगण सहित सभी ग्राम पटेलों व ग्राम प्रमुख के सानिध्य में यहां कार्यक्रम संपन्न होगा। 9 नवंबर से 12 दिसंबर को सम्माननीय प्रज्ञा पुत्रों द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की उपस्थिति में गुरूसत्ता परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व परम वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं मां गायत्री की कृपा तथा उनके सूक्ष्म संरक्षण में व्यक्तित्व निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र के नव निर्माण के उद्देश्य से हमारे ग्राम रसेला में 9 दिसंबर दिन मंगलवार को दोपहर 1 एक बजे से 4.30 बजे तक 251 मंगल कलश भव्य शोभायात्रा,4.30 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों द्वारा आद्य शक्ति मां गायत्री,युग शक्ति गायत्री के विषय पर संगीतमय प्रवचन होगा। द्वितीय दिवस 10 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक ध्यान, साधना एवं प्रज्ञायोग, 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक यज्ञ का विज्ञान, देव पूजन,24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं समस्त संस्कार ( निशुल्क ) दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक संगीतमय, प्रज्ञा पुराण कथा प्रवचन। तृतीय दिवस 11 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक ध्यान, साधना एवं प्रज्ञायोग,9 बजे से दोपहर 1.30 तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं समस्त संस्कार, दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा एवं 1008 वेदीय दीप महायज्ञ, चतुर्थ दिवस 12 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से 7 .30 बजे तक ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग,9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं समस्त संस्कार के साथ महा पूर्णाहुति ( मातृ श्रद्धांजलि संकल्प ) दोपहर 3 बजे शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों की विदाई के साथ यहां कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्लाक छुरा जिला गरियाबंद एवं समस्त ग्रामवासी रसेला गायत्री परिवार शक्तिपीठ दुल्ला, छुरा ने तन मन धन से कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



**पहले घर का बिजली बिल 3000 से 3500 रुपये प्रति माह आता था**

# फिंगेश्वर में सूर्यघर योजना से नारद राम बने ऊर्जादाता, बिजली बिल हुआ शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत कौन्दकेरा निवासी नारद राम यादव ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित किया जिसके चलते उसे घर मे पर्याप्त विद्युत मिल रहा है वहीं पर अतिरिक्त बिजली को सरकार को दे कर उर्जादाता बन रहा है। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर का बिजली बिल 3000 से 3500 रुपये प्रति माह आता था। लेकिन अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है।यादव ने बताया कि उन्होंने विद्युत विभाग से जानकारी लेकर योजना के अंतर्गत आवेदन किया। अब वे राज्य शासन को अतिरिक्त बिजली विक्रय कर रहे हैं और अपने घर में ही बिजली उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन गए हैं।रूफटॉप सोलर पैनल की कुल लागत 2 लाख रुपये है, जिसमें से उन्होंने 20 हजार रुपये जमा कर पैनल स्थापित कराया।शेष राशि बैंक ऑफ बड़ोदरा से आसान किस्तों में फाइनेंस की गई है।उन्हें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सहायता राशि (कुल 1 लाख 8 हजार रुपये सब्सिडी) प्राप्त होनी हैं।नारद राम ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि"अब मेरा बिजली बिल शून्य हो गया है और मैं अपने घर पर ही बिजली का उत्पादन कर रहा हूं।"उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर–मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन की यह पहल न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिला रही है बल्कि ऊर्जा संरक्षण की दिशा में भी कारगर साबित हो रही है।



### अतिरिक्त बिजली के एवज में आय होती है प्राप्त

इस योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर प्लांट नेट मीटरिंग प्रणाली द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होता है। उपभोक्ता द्वारा खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है, जिससे न केवल बिजली बिल शून्य होता है बल्कि अतिरिक्त बिजली के एवज में आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा योजना अंतर्गत 30 हजार से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है, जो सोलर संयंत्र की क्षमता के अनुसार निर्धारित की जाती है। लाभार्थी वेबसाइट या पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। इस प्रकार, ग्राम कौन्दकेरा के नारद राम यादव पिता असरु राम यादव ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ लेकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा।

जिला पंचायत गरियाबंद, क्षेत्र क्रमांक 3 के सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि प्रदेश की ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को 8 महीने से अधिक का समय हो चुका है किंतु वर्तमान में प्रदेश के अनेक पंचायत को उक्त राशि प्राप्त नहीं हो सकी हैं, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सामुदायिक भवन तथा अन्य आवश्यक विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। ग्राम पंचायत के पास सीमित संसाधन होने के कारण यह राशि उनके लिए जीवन रेखा समान है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के समस्त पंचायत को 15 वे वित्त की लंबित राशि का शीघ्र निराकरण स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ताकि ग्रामीण विकास कार्य गति पकड़ सकें और आम जनता को उसका लाभ मिल सकें।



**कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा)**
**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**
**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक / क- 5606/ विवाह अधि. / 2025
गरियाबंद, दिनांक 29/10/2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल राम ओगरे पिता जहुरसिंग ओगरे उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कोसमबुड़ा तहसील छुरा जिला गरियाबंद (पति) एवं आवेदिका दुर्गा साहू पिता गंगाराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरबाहरा तहसील व जिला गरियाबंद (पत्नि) ने हिन्दु विवाह अधिनियम के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 28/11/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2025 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
**विवाह अधिकारी**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में लगाया गया गेंदा फूल का पौधा



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में गेंदा फूल के दो सौ पौधे लगाए गए। इसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक नंदकिशोर सिन्हा, पंच लतिका यादव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, नंदिनी यादव आदि का सहयोग रहा।

### दिशा की बैठक स्थगित

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में 13 नवंबर को आयोजित किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी आयोजन तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

### शिविर में दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर परियोजना कार्य के अंतर्गत शाला प्रांगण की साफ सफाई की गई। बौधिक सत्र के दौरान यातायात विभाग से एएसआई झुमुक लाल हिरवानी, हरिश चंद्राकर एवं चद्रवंशी आरक्षक द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि स्वयं की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर शासकीय स्कूल पिरदा के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं गुड शेफई स्कूल से शिक्षका मधु नामदेव, अफरोज बेगम एवं सोनिया बांदे उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की तैयारी बैठक 18 को

**कांकेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर की अवधि में कांकेर जिले के 410 तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा में भेजा जाना प्रस्तावित है। उक्त यात्रा की तैयारियों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 18 नवम्बर को बैठक रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को कामाख्या देवी मंदिर, शंकर देव कला क्षेत्र-गुहावाटी का दर्शन कराया जाना प्रस्तावित है।

### निधन

### गणेश राम ठाकुर



छुरा। ग्राम दुल्ला निवासी सेवानिवृत गणेश राम ठाकुर का निधन हो गया। जो शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में प्रयोगशाला परिचारक के पद पदस्थ थे। उनकी अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह गांव के मुक्ती धाम में किया गया। वे खगेश्वरी ठाकुर के पति और धनेश राम ठाकुर, धनीराम ठाकुर के भाई और हरिश्चंद्र ठाकुर भतिजा और पुष्पराज ठाकुर के पिता जी थे। जिसका दशगात्र कार्यक्रम दिन रविवार को रखा गया है।

# समस्या बताने पदयात्रा पर निकले कमार जनजाति के ग्रामीणों ने राज्यपाल से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र से विशेष पिछड़ी कमार भुजिया जनजाति के सैकड़ों ग्रामीण अपनी मूलभूत समस्याओ के समाधान के लिए 10 नवम्बर को तहसील मुख्यालय मैनपुर से पदयात्र कर राजधानी रायपुर पहुंच राज्यपाल को ज्ञापन सौपने नारेबाजी करते पैदल निकले थे और लगभग 65 किमी की पदयात्र तय भी कर लिये थे गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने पदयात्र कर रहे ग्रामीणों से बारूका कचनाधुरवा के पास मुलाकात उन्हे आश्वासन दिया की उनके प्रतिनिधि मंडल को राज्यपाल से मूलाकात करवाया जायेगा और उनके समस्याओ के समाधान के लिए शासन प्रशासन स्तर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल को मेनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ तुलसीदास मरकाम के नेतृत्व में राजधानी रायपुर ले जाकर आज गुरूवार को छत्तीसगढ़ के महामहीम राज्यपाल रामेन डेका से मूलाकात कराई गई। इस प्रतिनिधि मंडल में कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी, भुंजिया समाज के वरिष्ठ नेता टीकम नागवंशी एवं समाज के अन्य सदस्यो की टीम शामिल थे। कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी एवं भुंजिंया समाज के नेता टीकम नागवंशी ने राज्यपाल को ज्ञापन सौपन सौपकर क्षेत्र के विभिन्न समस्यो से अवगत कराते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार एवं भुजिया जनजाति के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ का संचालन किया जा रहा है लेकिन इन योजनाओ का जितना लाभ मिलना चाहिए नही मिल पा रहा है।

## आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया



### पदयात्रा में ये रहे शामिल

कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने चर्चा में बताया गुरुवार को गरियाबंद कलेक्टर के विशेष पहल से मैनपुर एवं कमार जनजाति के लोग अपने पारंपरिक हथियार तीर-धनुष लेकर नारेबाजी करते हुए पदयात्रा में शामिल हुए। इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से कमार समाज अध्यक्ष बनसिंग सोरी, भुंजिया समाज के नेता टीकम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, पिलेश्वर सोरी, घेनुराम, देवकी तिरधारी, मधुराम नेताम, रतन नेताम, हीरालाल नेताम, अर्जुन लाल सोरी, सुनाराम सोरी, रतीराम नेताम, दिलीप कुमार, श्यामलाल सोरी, रामसिंह, रब्बेसिंह, कुशल नेताम, अमकराम नेताम, संतोश कुमार, सगनुराम, जीवन लाल, उग्रसेन, सुंदरलाल, नोहरलाल, सुमित्र, गुंजेश कपिल, बाबूलाल, बिरोबाई, देवकी बाई, चमरीन, मथुरा बाई, श्रीराम नेताम, जगतराम, रामसिंह, भोजलाल, फुलसिंग, नाथुराम, छेदईयाराम, जोगो, मनबोध, सुखराम, मनहरन सहित सैकड़ो की संख्या में कमार जनजाति के लोग शामिल है।

## कार्यक्रम: हाई स्कूल लोहझर में जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया गया

# जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का प्रतीक : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

हाई स्कूल लोहझर में जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम की अतिथि गण ऋषा ठाकुर एसडीएम, महेंद्र कुमार कोसले प्राचार्य, गिरजा शंकर देवांगन थे सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तावना एवं अतिथि स्वागत उदबोधन शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर ने किया भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशनुसार 15 नवंबर को देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में किसी को ईश्वर का अवतार माना गया है तो वह थे महान क्रांति भी बिरसा मुंडा भगवान बिरसा मुंडा ने स्वाधीनता के लिए नारा दिया था अबुआ दिशोम,अबुआ राज यानी अपना देश अपना राज। भारत का जनजाति समाज अपने आध्यात्मिक परंपराओं विशिष्ट संस्कृति और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ सदैव से भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है जब-जब देश के सुरक्षा पर संकट आया है जनजाति समाज ने अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एसडीएम ऋषा ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समाज के महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नायकों के योगदान को जन-जन तक पहुँचाया जाए। उन्होंन ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का प्रतीक है। आज भी जनजाति समाज में ऐसे अनेक लोकगीत और कथाएं प्रचलित है जो अंग्रेजों के साथ हुई जनजाति समाज के संघर्ष को रेखांकित करती है, जनजातीय समाज के योगदान को याद कर नई पीढ़ी को प्रेरणा दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 से भारत सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।



### विद्यालय में हुई विविध प्रतियोगिताएं

इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जंयती के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक पूरे जिले में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनया जा रहा है विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता हुआ जिसमें निबंध, रंगोली, वाद विवाद, भाषण, चित्रकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से गिरजा शंकर देवांगन पोषण लाल वर्मा, राजेश्वरी ठाकुर, केसर कंवर झूमलता दीवान, दीपा साहू, लीलाराम सिन्हा, समाजसेवी शीतल ध्रुव का योगदान रहा। स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। अतिथियों का अभार महेंद्र कुमार कोसले प्राचार्य ने किया।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एसआईआर सर्वे में भागीदारी की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

एसआईआर सर्वे में बीएलओ द्वारा घर घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। गुरुवार को बीएलओ तथा पटवारी द्वारा विधायक रोहित साहू को गणना प्रपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान बीएलओ ने एसआईआर नियमों की जानकारी भी साझा की। विधायक रोहित साहू ने एसआईआर सर्वे के महत्व और बीएलओ द्वारा मांगी जा रही जानकारी को समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने सभी मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। विधायक ने इस प्रक्रिया को न केवल एक नागरिक कर्तव्य, बल्कि सशक्त और पारदर्शी लोकतंत्र की नींव बताया। विधायक श्री साहू ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक की भागीदारी अमूल्य है। एसआईआर प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी तरीका है कि हमारा मतदाता सूची त्रुटिहीन हो और कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदाताओं को अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की स्वयं जाँच करनी चाहिए और किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधार कराना चाहिए। विधायक ने विशेष रूप से पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं से अपील की कि वे इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें युवा शक्ति ही हमारे राष्ट्र का भविष्य है। उनका सक्रिय योगदान न केवल उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाएगा बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करेगा।

- एसआईआर के तहत बीएलओ ने विधायक रोहित साहू को गणना प्रपत्र प्रदान किया

# सामाजिक समरसता के लिए पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित मित्र मिलन एवं सम्मान समारोह में सामाजिक समरसता के क्षेत्र में विशेष योगदान देने हेतु राजिम नगर विप्रकुल ब्राह्मण समाज के सदस्य एवं पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा का सर्व समाज के लोगों द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा समाज सेवा, पारस्परिक सौहार्द और एकता को बढ़ावा देते रहे हैं। उन्होंने बिना भेदभाव के सभी समाजों के बीच भाईचारे और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया है। कुंभ मेला में आयोजित राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में पूरे 15 दिन निस्वार्थ भाव से सेवा देते हैं। समारोह में उपस्थित समाजसेवियों एवं पदाधिकारियों ने श्री शर्मा के उज्जवल भविष्य और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की तथा कहा कि ऐसे कार्य समाज को एक नई दिशा देने वाले होते हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महामंत्री लोकनाथ साहू, किसान नेता रामाधार साहू, निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोतीराम निषाद सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उचित खानपान व योगाभ्यास से होगा ठंड से बचाव : योगाचार्य मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जैसे-जैसे ठंड बढ़ रहा है, शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए उचित खानपान और नियमित व्यायाम बेहद ज़रूरी हो गया है। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने बताया कि सर्दियों में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए तिल, गुड़, गोंद, मूंगफली, सूखे मेवे, हरी सब्ज़ियां और मौसमी फल आहार में शामिल करना चाहिए। साथ ही प्रातःकाल सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और हल्के व्यायाम करने से रक्तसंचार बेहतर होता है और ठंड से बचाव में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर गर्म रहता है बल्कि मानसिक स्फूर्ति और संतुलन भी बना रहता है। श्री सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य की दृष्टि से शीत काल की ये दो ऋतुएँ मनुष्य के लिए सबसे अधिक अच्छी मानी गई हैं। इस समय शरीर सबसे अधिक बलयुक्त होता है। दिन छोटे तथा रातें लम्बी होने के कारण शरीर को आराम करने के साथ-साथ भोजन के पाचन के लिए भी अधिक अनुकूलता मिलती है। इन दोनों कारणों से सर्दी में अधिक पुष्टि मिलती है तथा भूख भी अधिक लगती है। इस प्रकार पाचन शक्ति तेज होने से भारी और अधिक मात्रा में लिया गया आहार भी आसानी से पच जाता है। अतः इस काल में भूखा रहना और रूखा सूखा भोजन खाना हानिकारक है। पर्याप्त मात्रा में भोजन रूपी ईंधन न मिलने पर पाचक अग्नि शरीर की धातुओं का ही भक्षण करने लगती है। इससे शरीर में वात दोष बढ़ जाता है। वात में शीत और रूक्ष गुण की अधिकता होती है।



# न्यायिक प्रक्रिया को समझने के लिए आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के विधि छात्रों ने किया कोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के विधि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को न्यायिक प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विधिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाते हैं। न्यायिक प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।"

इस आयोजन का प्रबंधन एवं संयोजन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री आकाश गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में विधि विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रागिनी सोनी का मार्गदर्शन तथा सहायक प्राध्यापिका सुश्री सुकृति पाठक का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अतिरिक्त सत्र न्यायालय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय एवं पॉक्सो न्यायालय की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा अधिवक्ता संघ गरियाबंद के सचिव श्री लांबे से संवाद स्थापित कर न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को विधिक सिद्धांतों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया की बारीकियों को नजदीक से समझने का अवसर पाया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद बताया।

# हर पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

एक भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे इसी संकल्प के साथ राजिम विधायक रोहित साहू ने निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने नाम की जांच अवश्य करें और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित फॉर्म भरकर समय पर जमा करें

- जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित फॉर्म भरकर जोड़वाएं

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने नाम की जांच अवश्य करें और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित फॉर्म भरकर अपना नाम जोड़वाएं। विधायक साहू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह विषय बेहद महत्वपूर्ण है। पूर्व में कई बार यह शिकायतें मिली हैं कि एक ही व्यक्ति का नाम एक से अधिक जगहों पर दर्ज पाया गया। उन्होंने बताया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी, लेकिन उसके बाद के नए मतदाताओं को माता-पिता की जानकारी और आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



### फॉर्म भरकर समय पर जमा करना जरूरी

विधायक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में बीएलओ की नियुक्ति की गई है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं, जिन्हें भरकर समय पर जमा करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सभी गांवों में फॉर्म वितरण का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। साहू ने कहा कि जो बाहरी व्यक्ति किसी गांव में आकर स्थायी रूप से बस गए हैं, उनका स्थानीय स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। वहीं, जो मूल निवासी हैं, उनके नाम को सूची में जोड़ने के लिए विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन महिलाओं की शादी होकर वे अपने ससुराल में रह रही हैं, उन्हें अपने मायके में फॉर्म भरना होगा या मायके से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, ताकि एक ही मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज न हो। अंत में विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराना चाहिए, ताकि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।



